ग्वालियर व्यापार मेला में बीआईएम बार हॉस्पिटल्स के नि:शुल्क स्वास्थ्य केंद्र का शुभारम्भ

ग्वालियर। ग्वालियर व्यापर मेला में बीआईएमआर हॉस्पिटल्स के नि:शुल्क प्राथमिक एवं आकस्मिक चिकित्सा केंद्र का शुभारम्भ आज मेला सचिव सुनील त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। शुभारम्भ अवसर पर संस्थान के एग्जीक्यूटिव ट्रस्टी गोविन्द देवडा, डिप्टी डायरेक्टर वेद प्रकाश पांडेय, मुख्य प्रशा. अधिकारी अरुण घई, डॉ. वरुण शर्मा, क्वालिटी मैनेजर डॉ. निखिल पाठक एच आर मैनेजर कु. पूनम, को ऑर्डिनेटर स्वाति शाह एवं स्टाफ गण उपस्थित थे। व्यापर मेला में बीआईएमआर हॉस्पिटल्स जनसामान्य को मेला अवधि में नि:शुल्क प्राथमिक संपवार तथा दवा नि:शुल्क उपलब्ध कराता है। जन सामान्य को अब प्रतिदिन ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जाँच नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। उपरोक्त स्वास्थ्य केंद्र में दोप से रात्रि तक एक मेडिकल ऑफिसर, नर्सिंग स्टाफ डयूटी पर रहेंगे जो की सैलानियों व व्यापारियों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। जटिल बीमारी से ग्रस्त रोगी को बीआईएमआर हॉस्पिटल्स रेफर किया जायेगा। एम्बुलेंस व्यवस्था भी नि:शुल्क रहेगी।

कंपकंपाती सर्दी में अधिकारी उतरे सड़कों पर

ग्वालियर, 5 जनवरी। अपर आयुक्त प्रदीप तोमर, उपायुक्त अमरसत्य गुप्ता, डॉ प्रदीप श्रीवास्तव एवं रजनीश गुप्ता के निर्देशन में रात्रि में आश्रय अभियान चलाया गया तथा खुले आसमान के नीचे सो रहे लोगों को नजदीकी रैन बसेरे में पहुंचाया गया और उन्हें रैन बसेरे में रहने की समझाइश दी गई। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशन में आमजन एवं खुले आसमान के नीचे रात्रि बिताने के लिए मजबूर लोगों की सुविधा को देखते हुए नगर निगम ग्वालियर द्वारा आश्रय अभियान चलाया जा रहा है।

मैथमाइंड ग्वालियर की टीम बनी चैम्पियन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 5 जनवरी. मास्टर माइंड का स्टेट लेबल कॉम्पटीशन देवास में किया गया। इसमें मैथमाइंड अबेकस हनुमान चौराहा के छात्रों ने हमेशा की तरह सर्वाधिक ट्रॉफियां जीतकर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में श्रेष्ठता साबित की। अबेकस ट्रेनर एक्सपर्ट महेश शर्मा के मार्गदर्शन में पूरी टीम का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। निकुंज बंसल, विवान सचदेवा, प्रसन्न सोनेजा, माही, वेदिका गुप्ता ने चैम्पियन गोल्ड ट्रॉफी तथा नविका शिवहरे ने सिल्वर ट्रॉफी जीती। मैथमाइंड ग्वालियर की टीम को मिली इस सफलता पर ट्रेनर महेश शर्मा सहित छात्र-छात्राओं के अभिभावकों एवं शुभ चिंतकों ने बधाई दी। ज्ञातव्य हो कि प्रत्येक वर्ष आयोजित स्टेट व नेशनल कॉम्पटीशन में मैथमाइंड की टीम सर्वाधिक ट्रॉफियां जीतती रही हैं। यह सभी सफल छात्र अप्रैल में होने वाले नेशनल लेबल कॉम्पटीशन में भाग लेंगे। अबेकस गणित की सबसे बड़ी से बड़ी और जटिल गणना को आसान बनाने की विधि है। मैथ्स के महत्व को देखते हुए अबेकस सीखकर सफलता पाना आसान हो जाता है।

डॉ. शरीफ ने ट्रिपल आईटीएम के कुलसचिव का कार्यभार संभाला

ग्वालियर 5 जनवरी. डॉ. शरीफ ने 24 दिसम्बर को अटल बिहारी वाजपेयी-भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर में कुलसचिव के पद का कार्यभार ग्रहण किया। उनके आगमन से संस्थान को प्रशासनिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में एक अनुभवी और दूरदर्शी नेतृत्व प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. निवास सिंह सहित संस्थान के समस्त कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर निदेशक ने कुलसचिव को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान के विकास के लक्ष्य के साथ मिलकर हम निरंतर प्रयास करेंगे, ताकि संस्थान को एक नई दिशा और नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सके। डॉ. शरीफ ने कहा कि अपने पूर्व अनुभव के आधार पर वे इस संस्थान को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए संकल्पित हैं। उक्त जानकारी संस्थान की मीडिया प्रभारी, दीपा सिंह सिसोदिया ने दी.

CHANGE OF NAME

It is informed that I **GIRRAJ KISHORE MITTAL** resident of **Near Kaul Nursing Home, Teli Ki Bazaria, Indra Colony, Naya Bazar, Lashkar, Gwalior, M.P..** A long time ago I used to write my name as **GIRRAJ MITTAL** which was mentioned on my documents but due course of time I add **Kishore** as middle name and used to write my name as **GIRRAJ KISHORE MITTAL** which is mentioned on all of my corrected documents so in future I should be known and recognized as **GIRRAJ KISHORE MITTAL** in place of **GIRRAJ MITTAL**

GIRRAJ KISHORE MITTAL
Near Kaul Nursing Home,Teli Ki Bazaria, Indra Colony, Naya Bazar, Lashkar, Gwalior, M.P.

CHANGE OF NAME

It is informed that I **Preeti Singh** resident of **E-2,Government Quarter, Darpan Colony, Near Madhavrao Scindia Enclave, Thatipur, Gwalior, M.P.** My passport whose number is **M1710682** was issued from Passport office Bhopal, in the said time I used to write my name **PRITI SINGH**, which was also mentioned on my passport but due course of time I change my name and used to write as **PREETI SINGH** which is mentioned on all of my documents so in future I should be known and recognized as **PREETI SINGH** in place of **PRITI SINGH**

PREETI SINGH
E-2,Government Quarter,Darpan Colony,Near Madhavrao Scindia Enclave, Thatipur, Gwalior, M.P.

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 16 वार्ड क्रं. 35, भवन क्रं. 259 का भाग, स्थान: वावन पायगा पर स्थित है जो कि श्री पूरन चन्द / श्री चुन्नी लाल के नाम से नगर निगम में आई. डी. क्रं. 1000311829 का भाग पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1230 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड राजीनामा-पत्र क्र A101206692 दिनांक 29.12.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज क्षे.क्रं. 16 पर दिनांक 05.01.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं 81/2010/38455/60656/ प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
रमेश चन्द्र वर्मा / स्व. श्री पूरन चन्द्र
पता: वावन पायगा, वार्ड-35
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 05-01-2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 13 वार्ड क्रमांक 58 स्थान हरिशंकर परम में स्थित है जो की अखिलेश अग्रवाल पुत्र श्री रोशन लाल अग्रवाल के नाम से नगर निगम में आई डी क्रमांक 2000105143 पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 910 वर्ग फुट है उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी आर-08112501620998 रजिस्ट्री से प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्ति कर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जन मित्र समाधान केंद्र क्षेत्र क्रमांक 13 मोती महल इंडियन कॉफी हाउस के पास दिनांक 10 दिसंबर 2025 को किया गया है जिसका आवेदन क्रमांक 78/2011/31799/31707 हैं। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग के क्रमांक 202 व 205 मैं प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज सुसंगत सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्ति युक्त निर्णय लिया जाएगा

आवेदक
पूनम गुप्ता पत्नी श्री हेमंत गुप्ता
निवासी ई 12 विवेक विहार कॉलोनी महल परिसर चेतक पुरी ग्वालियर
फोन नंबर 9406577838

विहसंत सागर तीर्थधाम में विश्व की सबसे उंची एवं पुरानी प्रतिमा होगी विराजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 5 जनवरी. ग्वालियर से लगभग 115 किलोमीटर दूर स्थित उत्तर प्रदेश के जैतपुरा उदी मोड इटावा स्थित नवनिर्माण कार्य विहसंत सागर तीर्थधाम का शिलान्यास रविवार 15 मार्च को प्रात: 9 बजे से किया जाएगा। विहसंत सागर चैरिटेबल ट्रस्ट के निर्देशन में उक्त कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें ग्वालियर चंबल संभाग सहित देश विदेश से जैन समाज के लोग शामिल होंगे। इसमें उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगें।

उक्त जानकारी आज सोमवार को ग्वालियर में विराजित मेडिटेशन गुरू उपाध्याय 108 विहसंत सागर मुनिराज ने पत्रकारों को दी। मेडिटेशन गुरू विहसंत सागर महाराज ने बताया कि समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। विहसंत तीर्थधाम का 4 बीघा 242 वाई 150 में नवनिर्माण का कार्य

किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र से निकलने वाले मार्ग से साधू संतो के लिये ध्यान अध्ययन आहारचार्य तपस्या और आत्मा कल्याण के लिये भी स्थान रहेगा।

मेडिटेशन गुरू विहसंत सागर महाराज ने बताया कि इस तीर्थधाम पर 12 विभिन्न कार्यो का शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिलान्यास समारोह में लगभग दस हजार से अधिक लोगों के पहुंचने की संभावना है। ज्ञातव्य है कि विहसंत तीर्थधाम से 50 किलोमीटर दूर जैन तीर्थ शौरीपुर बटेश्वर क्षेत्र है जहां भगवान नेमिनाथ की जन्म स्थली है। उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी के सानिध्य में विहसंत सागर तीर्थधाम में विश्व की सबसे बडी उन्नीसवे मल्लिनाथ जी भगवान की साढे 19 फुट उंची प्रतिमा विराजमान होगी। वहीं उत्तरप्रदेश के विहसंत तीर्थधाम के भूगर्भ से निकली सबसे प्राचीन श्री आदिनाथ भगवान की प्रतिमा 1800 वर्ष पुरानी विराजमान होगी। विहसंत सागर महाराज ने बताया कि 15 मार्च को शिलान्यास समारोह में ग्वालियर जिले से 15 बसें शिवपुरी से 35, भिंड से 25, आगरा उत्तरप्रदेश से 25 डबरा से 2 बसें, गोहद व अन्य जगहों से भी बसें पहुंचेंगी।

CHANGE OF NAME

I, **YASHWANT KASHYAP** Residing at Vill- Manariya, PO-Jahurabad, Dist-Ghazipur, PIN-233222, State - Uttar Pradesh, have changed my daughter name from **VASHNAVI** to **VAISHNAVI** Vide Affidavit BY 016871 dated 03.01.2026 before District Court Gwalior (M.P.)

कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अशोकनगर (म.प्र.)

Approved by AICTE and affiliated by R.G.P.V. Bhopal
E-mail: ashoknagar 011@gmail.com
Phone/Fax No. 07543-222855
prinpoly.asn@mp.gov.in

क्र./स्था./2025/01 अशोकनगर, दिनांक 02/01/2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय अशोक नगर मध्य प्रदेश में 108 ऑडिटोरियम चेयर खरीदने हेतु अनुभवी प्रतिष्ठित फार्मो से शासन की वेबसाइट GEM पोर्टल पर ऑनलाइन बिड के माध्यम से ई-टेंडर के आमंत्रित किया जाता है जिसकी अनुमानित राशि 8.64 लाख रुपये है। उक्त निविदा वेबसाइट https://bidplus.gem.gov.in/all-bids पर जाकर बिड संख्या GEM/2025/B/7049054 खोजे। ई निविदा दिनांक 27/01/2026 को शाम 5 बजे तक जमा की जा सकती है।

G-23973/25

प्राचार्य
शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय
अशोक नगर

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जिला-ग्वालियर (म.प्र.)
ओहदपुर, सिरोल रोड, ग्वालियर पिन-474006
क्रमांक: एडीएम / वि.अधि. / विवाह पंजीयन / 1955 (02)/2026 ग्वालियर, दिनांक 05/जनवरी/2026

विज्ञप्ति

विषयान्तर्गत इस कार्यालय के समक्ष आवेदकगण श्री रूपेश नामदेव पुत्र श्री बंटी नामदेव निवासी गेंडे वाली सड़क बकरा मंडी के पास लश्कर ग्वालियर म.प्र. एवं शिवानी शाक्य पुत्री श्री संजय शाक्य निवासी रामदास घाटी प्याऊ वाली गली लश्कर ग्वालियर म.प्र. द्वारा हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत स्थान आदर्श मेमोरियल चिल्ड्रन स्कूल के पास रामदास घाटी में दिनांक 02/02/2025 को सम्पन्न हुये विवाह को रजिस्ट्रीकृत किये जाने हेतु हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस विवाह के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत और आपत्ति हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन दिनांक से तीस दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति या शिकायत अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं विवाह अधिकारी ग्वालियर 474006 मध्य प्रदेश के कार्यालय के कक्ष क्रमांक 203 में दर्ज करा सकते हैं। नियत तिथि व्यतीत होने के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की शिकायत/आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा से जारी किया गया।

अपर जिला मजिस्ट्रेट
एवं विवाह अधिकारी
जिला-ग्वालियर (म.प्र.)

आम सूचना

श्रीमती मिथलेश पत्नी श्रीमती बबलू यादव के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम मोहम्मदपुर, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो भूमि सर्वे क्र.2/1/2, 2/1/1/1 एवं 75/मिन-2 ग्राम मोहम्मदपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 640 वर्गफुट है और उक्त सम्पत्ति की चर्तुसीमा निम्न प्रकार हैं:- पूर्व-भूखण्ड क्र.04 का भाग, पश्चिम-रास्ता, उत्तर-रास्ता एवं दक्षिण भूखण्ड क्र.04 का भाग है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती मिथलेश पत्नी श्री बबलू यादव एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती मिथलेश द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री सोनू प्रजापति पुत्र श्री रामचरन प्रजापति के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री सोनू प्रजापति द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्रीमती मिथलेश पत्नी श्रीमती बबलू यादव के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित ग्राम मोहम्मदपुर, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो भूमि सर्वे क्र.2/1/2, 2/1/1/1 एवं 75/मिन-2 ग्राम मोहम्मदपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 640 वर्गफुट है और उक्त सम्पत्ति की चर्तुसीमा निम्न प्रकार हैं:- पूर्व-भूखण्ड क्र.04 का भाग, पश्चिम-रास्ता, उत्तर-रास्ता एवं दक्षिण भूखण्ड क्र.04 का भाग है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती मिथलेश पत्नी श्री बबलू यादव एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती मिथलेश द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती हेमलता प्रजापति पत्नी श्री नवल कुमार प्रजापति के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती हेमलता प्रजापति द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो.

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

यहकि, श्री महेश अग्रवाल पुत्र श्री आर.डी अग्रवाल एवं श्रीमती राखी अग्रवाल पत्नी श्री महेश अग्रवाल के स्वामित्व की फ्लैट संपत्ति फ्लैट क्रमांक 905, 906 स्थित सिल्वर एस्टेट, विश्वविद्यालय मार्ग, जिसका नगर निगम भवन क्रमांक 3949 वार्ड नं. 11/30, कम्प्यूटर संपत्ति आईडी 1000178430 है। उक्त प्रत्येक फ्लैट का क्षेत्रफल 75.90 वर्गमीटर है। उक्त दोनों फ्लैट पूर्व स्वामी डॉ. अनिल सेवानी पुत्र श्री डॉ0 गोविन्दराम सेवानी ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र कमांक 3322 दिनांक 10/11/2006 एवं विक्रय पत्र क्रमांक 3412 ख दिनांक 29/03/2006 के द्वारा चन्दन गृह निर्माण सहकारी समिति से क्रय किये थे। उक्त दोनों फ्लैटों के संबंध में श्री अनिल सेवानी द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती मोनिका सेवानी के हित में रजिस्टर्ड वसीयत क्रमांक 183 दिनांक 27/07/2009 को संपादित की। डॉ. अनिल सेवानी के देहान्त दिनांक 05/01/2010 होने के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती मोनिका सेवानी ने उक्त दोनों फ्लैट महेश अग्रवाल एवं श्रीमती राखी अग्रवाल को रजिस्टर्ड विक्रयपत्र कमांक 129 दिनांक 06/04/2011 के द्वारा विक्रय किये। श्री महेश अग्रवाल एवं श्रीमती राखी अग्रवाल द्वारा उक्त दोनो फ्लैट मेरे पक्षकार को विक्रय किये जा रहे है जिस हेतू संपत्ति स्वामी व मेरे पक्षकारगण के मध्य विक्रय अनुबंध पत्र संपादित किया जा चुका है। उक्त दोनों फ्लैट को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकारगण द्वारा भारतीय स्टेट बैंक से ऋण लिया जाना प्रस्तावित है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति में यदि किसी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, निकाय, वितीय संस्था या व्यक्ति आदि के कोई हित-निहित हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मुझसे मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजी सबूतों के कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर लिखित में आपत्ति करें। अवधि गुजरने उपरांत मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त संपत्ति का वयनामा अपने हित में संपादित करा कर, उक्त संपत्ति को ऋणदाता बैंक के हित में बंधक रखेगें तथा संपत्ति से संबंधित मूल वयनामे ऋणदाता बैंक को सुपुर्द करेंगे। उक्त समस्त कार्यवाहियों के उपरांत उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, निकाय, वितीय संस्था आदि द्वारा किये गये समस्त दावे व कार्यवाहियां मेरे पक्षकार के हितों व बैंक के हितों के मुकाबले शून्य व नि:प्रभावी समझे जावेंगे।

दिनांक 03/01/2026

प्रेषक
पीयूष चतुर्वेदी, एडवोकेट
कार्यालय का पता-मंदिर राम जानकी, लक्ष्मीबाई कॉलोनी, ग्वालियर 9425111650

आम सूचना

श्रीमती रीना पत्नी श्री ओमकार सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.23 पर निर्मित भवन, स्थित रामनगर, ग्राम मालनपुर, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.63 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.958/मिन-1 एवं 960 ग्राम मालनपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 720 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-सम्पत्ति दीगर, पश्चिम में-सड़क कॉलोनी, उत्तर में-भूखण्ड क्र.22 सुधीर कुमार वर्मा एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.24 है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री जय सिंह पुत्र श्री नाहर सिंह एवं शोभा पुत्री श्री नाहर सिंह के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री जय सिंह एवं शोभा द्वारा अपने भाग की सम्पति के संबंध में श्री पूरन सिंह पुत्र श्री कोक सिंह के हित में रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्र.965 दिनांक 15.09.2014 को सम्पादित किया गया। श्री जय सिंह एवं शोभा जये मुख्त्यारआम श्री पूरन सिंह द्वारा सम्पत्ति रकवा 0.909 हैक्टेयर एरिया श्रीमती रेनू यादव पत्नी श्री रामहेत यादव, श्रीमती उमा सिकरवार पत्नी श्री पूरन सिंह सिकरवार को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.94 ड्राफ्टिंग दिनांक 01.05.2015 एवं रजिस्टर्ड दिनांक 20.01.2021 से विक्रय की गई। श्रीमती रेनू यादव द्वारा सम्पत्ति रकवा 0.418 हैक्टेयर एरिया श्री रामबाबू कुशवाह पुत्र श्री सुमेर सिंह कुशवाह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142602021ए1273168 दिनांक 17.03.2021 से विक्रय की गई। श्री रामबाबू कुशवाह द्वारा सम्पत्ति 1140 वर्गफुट एरिया श्री आनंद जैन पुत्र श्री संतोष जैन को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी1426020 22ए 11281497 दिनांक 22.12.2022 से विक्रय की गई। श्री आनंद जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री रवि प्रजापति पुत्र श्री नंदू प्रजापति को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142602024ए11022156 दिनांक 12.08.2024 से विक्रय की गई। श्री रवि प्रजापति द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती रीना पत्नी श्री ओमकार सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142602025 ए1040497 दिनांक 17.01.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती रीना द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो.

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

नाम परिवर्तन सूचना

मै. महेश सिंह भदौरिया अर्मी क्रमांक 3000257N रैंक- नायक निवासी- ग्राम/पोस्ट- अकलौनी, तहसील- मेहगांव, जिला भिण्ड सूचित करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम भूलवश ALKRIT SINGH BHADAURIA अकिंत है जबकि उसका सही नाम ALANKRIT SINGH BHADORIA है जोकि रिकार्ड में दर्ज हो Affidavit - BX229935, दिनांक 04/12/25

जादूगर दीप कुमार का जादू शो अब केवल 18 जनवरी तक आपके शहर ग्वालियर में

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 5 जनवरी. माधव मंगलम पैलेस (नियर ताज ऊषा किरन पैलेस) नदी गेट चौराहा ग्वालियर में सुपर स्टार जादूगर दीप कुमार का जादू शो दर्शकों को भरपूर आनंदित कर रहा है, रोजाना शो में लोग सपरिवार पहुंच रहे हैं, एवं जादू शो देखकर खूब सराहना कर रहे हैं. रोजाना शो में कुछ न कुछ नए प्रयोग देखने को मिलते हैं, शो के दौरान माइम मैजिक व चार कबूतर को पब्लिक की आँखों के सामने चार बैलून बना कर उड़ा देना, एक सुन्दर लड़की को 10 फीट 1हवा में उड़ा देना, एक इन्द्रजाल बाक्स दर्शकों को खूब लुभा रहा है. रोजाना यहाँ 2 शो चलते हैं 3 बजे से एवं सायं 6 बजे से द्य रविवार व मंगलवार को 3 शो दिखाया जाता है - 12 बजे, 3 बजे बजे, सायं 6 बजे से द्य प्रत्येक शो 2 घंटे का होता है. शो आयोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ग्वालियर में 18 जनवरी को जादूगर दीप कुमार का आखिरी शो दिखाया जाएगा. इसके बाद यह जादू का काफिला किसी दूसरे शहर की ओर निकल जाएगा. इसलिए आप सब सपरिवार पहुंचें व विश्व की सबसे प्राचीन जादू कला का आनंद उठाइये.

शो का टिकट ऑनलाइन www.jadugardeepkumar.com एवं ऑफलाइन माधव मंगलम पैलेस में बने टिकट काउन्टर से ले सकते हैं.

परमहंस योगानन्द : अध्यात्म और वैश्विक एकता के अमर संवाहक

मानव जाति सदैव असीम सुख की खोज में रहती है, लेकिन श्री श्री परमहंस योगानन्द के अनुसार यह खोज केवल ईश्वर-प्राप्ति पर ही समाप्त होती है। 5 जनवरी को उनके आविर्भाव दिवस के अवसर पर दुनिया भर के साधक उनके दिव्य मार्गदर्शन का स्मरण कर रहे हैं।

5 जनवरी, 1893 को गोरखपुर में जन्मे मुकुन्द का झुकाव बचपन से ही ध्यान और ईश्वर की ओर था। 17 वर्ष की आयु में उन्हें अपने गुरु स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी का सान्निध्य मिला, जहाँ कठिन आध्यात्मिक प्रशिक्षण के बाद वे 'परमहंस योगानन्द' बने। उनका मानना था कि गुरु-शिष्य का संबंध पार्थिव शरीर से परे और शाश्वत होता है।

पूर्व और पश्चिम का आध्यात्मिक सेतु योगानन्द ने अध्यात्म को विज्ञान से जोड़ा। उन्होंने भारत में योगदा सत्संग सोसाइटी और अमेरिका में सेल्फ़-रियलाइजेशन फ़ेलोशिप की

स्थापना की। उन्होंने 30 से अधिक वर्षों तक पश्चिम में क्रियायोग का प्रचार किया और सिखाया कि ईश्वर का प्रत्यक्ष अनुभव ही धर्म का वास्तविक आधार है। उनकी आत्मकथा 'योगी कथामृत' आज भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणापुंज बनी हुई है। साथ ही, उनकी कृतियाँ 'ईश्वर-अर्जुन संवाद: श्रीमद्भगवद्गीता' और 'द सेकंड कमिंग ऑफ़ क्राइस्ट' पूर्वी व पश्चिमी परंपराओं के साझा सत्य को